पंजाब केसरी 05/12/2024

समाज में महिलाओं और पुरुषों के बीच समानता सुनिश्चित करें : डा. रोहित दत्त

■ गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के विद्यार्थियों ने महिला हिंसा और बाल विवाह रोकने के लिए निकाली जागरुकता रैली

गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा निकाली गई जागरुकता रैली को हरी झंडी दिखाते प्राचार्य डा. रोहित दत्त। (देवदत्त)

अम्बाला, 4 दिसम्बर (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के विद्यार्थियों ने महिला हिंसा और बाल विवाह रोकने के लिए जागरुकता रैली का आयोजन किया। रैली के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न नारों और पोस्टरों के माध्यम से समाज को संदेश दिया। इस दौरान 'महिला हिंसा बंद करो, समाज को आगे बढ़ाओ' और 'बाल विवाह पर लगाम लगाओ, बेटियों को पढ़ाओ' जैसे नारे लोगों का ध्यान आकर्षित कर रहे थे।

रैली को संबोधित करते हुए कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम समाज में महिलाओं और पुरुषों के बीच समानता सुनिश्चित करें। जब महिलाओं के खिलाफ हिंसा होती है तो यह केवल पीड़ित महिला तक सीमित नहीं रहती, बल्कि पूरे समाज को प्रभावित करती है। बाल विवाह जैसी कुप्रथाएं न केवल एक लड़की के जीवन को नकारात्मक रूप से प्रभावित करती हैं, बल्कि समाज के विकास को भी बाधित करती हैं।

डा. रोहित दत्त ने कहा कि ऐसी गतिविधियां न केवल जागरुकता फैलाने में सहायक होती हैं, बल्कि युवाओं को सामाजिक बदलाव के लिए प्रेरित भी करती हैं। उन्होंने रैली के सफल आयोजन के लिए सभी छात्रों, शिक्षकों और सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए अपील की कि वे इस संदेश को अपने आसपास के लोगों तक पहुंचाएं और समाज को इन कुप्रथाओं से मुक्त करने में योगदान दें।

इस संबंध में गणित विभाग की प्राध्यापिका एवं इस कार्यक्रम की संयोजिका सुजाता गोयल ने बताया कि इस रैली का उद्देश्य विद्यार्थियों और समाज को महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों, विशेष रूप से घरेलू हिंसा, यौन शोषण और बाल विवाह जैसे मुद्दों पर जागरूक करना है। इस तरह के सामाजिक मुद्दों पर जागरुकता बढ़ाना आवश्यक है, ताकि युवा पीढ़ी को उनके अधिकारों और कर्त्तव्यों के बारे में जानकारी मिल सके। गणित विभाग के प्राध्यापक डा. राजेश ने कहा कि इस रैली के माध्यम से छात्रों को महिला हिंसा एवं बाल विवाह के खिलाफ संकल्प लेने की अपील की गई है। इस रैली में लगभग 50 विद्यार्थियों ने भाग लिया एवं रैली के दौरान खेल विभाग के विभागाध्यक्ष बृजेश कुमार एवं गणित विभाग के प्राध्यापिकाएं अर्चना एवं सृष्टि आदि मौजूद रहीं।